एक नजर में

वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

अटसू: सेंगर नदी स्थित जुआ पुल के समीप बुधवार दोपहर बाद हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को सीएचसी अजीतमल लाया गया। जहां से उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई रेफर किया गया। इटावा जनपद के कस्बा बसरेहर निवासी सत्यभान बाइक से फफूंद स्थित अपनी ससुराल जाने के लिए घर से निकले थे। संसू

अंतिम तिथि बढ़ी

अटसू: राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अजीतमल में प्रवेश को लेकर आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 से बढ़ाकर सात अगस्त कर दी गई है। नोडल प्रधानाचार्य अनूप सिंह ने बताया कि समय सीमा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। संसू

कार्यक्रम में किया जागरूक

औरैया: बुधवार को सदर ब्लाक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोहना में बालिका स्वास्थ्य एवं शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सहायक अध्यापक कुलदीप सिंह ने बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया। जासं

जर्जर विद्यालयों में जोखिम के साये में पढ़ रहे नौनिहाल

जागरण की पड़ताल में परिषदीय विद्यालयों की बदहाली उजागर, टूटी फर्श, टपकती छत और बदहाल भवनों में चल रही कक्षाएं

जर्जर स्कूल
जोखिम में बच्चे

जागरण टीम, औरैया: समग्र शिक्षा अभियान की हकीकत बुधवार को बिधूना, अजीतमल और ऐरवाकटरा के परिषदीय स्कूलों में उजागर हो गई। 'दैनिक जागरण' की पड़ताल में अधिकांश विद्यालय जर्जर भवनों, टपकती छतों, टूटी फर्श, ध्वस्त चहारदीवारी, बदहाल शौचालयों और गंदगी से घिरे मिले। ऐसे असुरक्षित माहौल में नौनिहालों की पढ़ाई न केवल प्रभावित हो रही है, बल्कि उनके साथ-साथ शिक्षकों की सुरक्षा भी सवालों के घेरे में है।

बिधूना विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बमरौलिया की चहारदीवारी से सटे कच्चे नाले की नमी से बाउंड्रीवाल (चहारदीवारी) की दीवार कमजोर हो चुकी है। उसका एक हिस्सा गिर चुका है। टूटी बाउंड्रीवाल से सटे नाले का पानी पूरे विद्यालय परिसर में भरा रहता है। मवेशी विद्यालय में घुसकर नुकसान कर देते हैं। पूरे स्कूल समय में यही डर लगा रहता है कि मवेशी कहीं हमला न कर दें। वहीं, पानी भर जाने और सीलन के चलते छात्र शौचालय का प्रयोग भी नहीं कर पाते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाईकर्मी विद्यालय में सफाई करने नहीं आता, जिसके चलते स्थितियां बद से बदतर होती जा रही हैं।

प्राथमिक विद्यालय बमरौलिया में भवन की स्थिति ठीक नहीं मिली। सभी कमरों की फर्श टूटी हुई थी। किसी भी कमरे में टाइलीकरण कार्य नहीं दिखा। प्राथमिक विद्यालय पूर्वा दीक्षित के लिए जाने वाली खस्ताहाल सड़क से बच्चे स्कूल आते नजर आए और कमरे में बरसात का पानी टपकता मिला। उच्च प्राथमिक विद्यालय इंदपामऊ (कंपोजिट) में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भी बेहद जर्जर स्थिति में है। दीवारों पर सीलन है और फर्श पूरी तरह उखड़ा हुआ है। मुख्य सड़क मार्ग से विद्यालय भवन तक पहुंचने के लिए कोई लिंक मार्ग नहीं है, जिसके चलते छात्रों और अध्यापकों को बरसात के गंदे पानी से होकर विद्यालय भवन तक आना पड़ता है। विद्यालय के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल भी नहीं है।

प्राथमिक विद्यालय बिधूना (द्वितीय) का भवन वर्ष 2005 में बनाया गया था। छात्र संख्या 132 है। भवन के दो कमरे बिल्कुल जर्जर अवस्था में थे, जिनमें से एक कमरे की नीलामी कर ध्वस्तीकरण करा दिया गया, जबकि दूसरा कमरा अभी भी जीर्णशीर्ण अवस्था में है। हालांकि, शिक्षण कार्य के लिए उसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जिस कमरे को ध्वस्त कर दिया गया है, उसके पुनर्निर्माण न हो पाने के कारण फिलहाल टीन डलवाई जा रही है, जिससे शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न न हो। तीन कमरों में ही सभी बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जाता है। खंड शिक्षाधिकारी अलकेश कुमार सकलेचा का कहना है कि स्कूल की मरम्मत अथवा नए भवन के निर्माण के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जहां जो खामियां हैं, उन्हें दूर कराया जाएगा।



अजीतमल विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बंगला मलगवां की कक्षा की दीवार में दरारें • जागरण



ऐरवाकटरा विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौनाखुर्द द्वितीय के कमरे की छत का हाल व सीट पर बैठीं छात्राएं • जागरण



उच्च प्राथमिक विद्यालय इंदपामऊ (कंपोजिट) में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की उखड़ी व टूटी फर्श • जागरण

जर्जर हो चुका भवन, फिर भी अनदेखी

अजीतमल विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बंगला मलगवां में छात्र संख्या 54 है। स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 2001 में कराया गया था। वर्तमान में भवन की हालत ठीक नहीं है। कक्षाएं जर्जर हैं और दीवारों में दरारें हैं। प्रधानाध्यापक संजय वर्मा ने बताया कि इसकी लिखित सूचना खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को दे दी गई है। नीलामी की प्रक्रिया हुई थी, लेकिन कोई बोली लगाने नहीं आया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन किसी ने बोली नहीं लगाई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौनाखुर्द द्वितीय बदहाल

ऐरवाकटरा विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौनाखुर्द द्वितीय की स्थिति बदहाल बनी हुई है। बुधवार को दैनिक जागरण की पड़ताल के दौरान सुबह करीब 10 बजे विद्यालय में प्रधानाध्यापक भरत कुमार कुशवाह मौजूद नहीं मिले। सहायक अध्यापक अनूप सिंह विद्यालय में मौजूद मिले। विद्यालय परिसर में चारों ओर गंदगी फैली हुई थी। पेयजल व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित मिली। बच्चों के लिए लगा हैंडपंप खराब पड़ा था, जबकि पाइपलाइन से जलापूर्ति के लिए लगाई गई टोंटी भी टूटी हुई मिली। शौचालय में गंदगी के साथ फ्लश सिस्टम भी टूटा मिला, जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गखंड शिक्षाधिकारी अलकेश कुमार सकलेचा का कहना है कि प्रधानाध्यापक मौके पर क्यों नहीं मिले, इसकी जानकारी की जाएगी।

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 31 अगस्त को, तैयारियां हुई तेज

जासं, औरैया: उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान नया हैदराबाद लखनऊ के तत्वावधान में जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 31 अगस्त को तिलक महाविद्यालय में होगी। जिसकी तैयारी तेज हो गई है। बुधवार को तिलक महाविद्यालय में बैठक आयोजित हुई। आयोजक प्राचार्य डा. रवि कुमार व संयोजक डा. गोविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि संस्कृत संरक्षण और प्रचार प्रसार के लिए प्रदेशभर में संस्थान द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा। जिसके अंतर्गत जनपद, मंडल एवं राज्य स्तर पर संस्कृत गीत, संस्कृत सामान्य ज्ञान, संस्कृत भाषण, श्लोकंत्याक्षरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ये प्रतियोगिताएं तिलक महाविद्यालय में 31 अगस्त सुबह 9:30 आयोजित की जाएंगी। आवेदन पूर्णतः निश्शुल्क हैं। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 1000, 800 व 700 तथा सांत्वना पुरस्कार (कुल 3) को 500 रुपए प्रदान किए जाएंगे। मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में क्रमशः 3000, 2000 व 1000 एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में क्रमशः 11000, 7000 व 5000 सांत्वना पुरस्कार (कुल 3) को 3000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। https://upsanskritpratibhakhoj.com पर 15 अगस्त तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस अवसर पर डा. अंशुल द्विवेदी आदि रहे।

श्रद्धा का महासावन

भक्ति से शिवरूप व सत्यरूप हो जाता है मन

भगवान शिव परम कृपालु हैं। वे मात्र गंगाजल, विल्वपत्र व पुष्प अर्पित करने से ही भक्तों की भावना की संपूर्ति कर देते हैं। भक्त तमाम कष्ट उठाकर मौसम की चुनौतियों से जूझते हुए गंगाजल लेने पहुंचते हैं और फिर भगवान शिव का अभिषेक कर अनुष्ठान का पारण करते हैं। हमें चाहिए कि हम पंचाक्षरी मंत्र 'ॐ नमः शिवाय' का मानसिक जप करते हुए, स्वयं अनुशासित होकर चलें। यह हमारी वह पूजा होगी, जिससे भगवान हमें वह सब देंगे, जो हम चाहते हैं। साथ में हमें बिना मांगें एक ऐसी दिव्य वस्तु मिल जाएगी, जिसे पाकर भगवान शिव स्वयं धन्य हो गए और उसी रामभक्ति से वे त्रिकाल में राम मंत्र देकर सारे संसार को धन्य करते हैं।

जब हम पंचाक्षरी मंत्र का मानसिक जप करते हैं, तब हमारा मन शिवरूप, कल्याण रूप व सत्यरूप हो जाता है। जप के पश्चात हमारी कार्य की गति न केवल तीव्र, अपितु पवित्र भी हो जाती है। हमारी साधना हमारे ईष्ट शिव के प्रति भी लोगों में परम श्रद्धा एवं अनुकरणीय होकर एक दिव्य सावनोत्सव बन सकती है। भगवान शिव ने जिस प्रकार विष को कंठ में धारण कर उसे राम नाम के प्रभाव से अमृतमय बना दिया, वैसे ही हमारी यह भक्ति, तपस्या व साधना अमृतमय हो सकती है। शिव नाम का जाप सारे संसार के लिए प्रेम और शांति का संदेश बन जाएगा। जो शिव इतने कृपालु हैं, जो मृत शरीर की चिता को भस्म मानकर शरीर पर लगाकर अपने भक्त को मुक्त कर देते हैं और स्वयं पवित्र कहलाते हैं, वे हमें राममय बना देंगे। शिव और शक्ति का एकात्म होना राम नाम की इसी परम चेतना और श्रद्धा का परिणाम माना जाता है।



संत मैथिलीशरण
अध्यक्ष, श्री रामकिंकर विचार मिशन, ऋषिकेश

शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र सम्मानित

- शिक्षा की गुणवत्ता, उपस्थिति और अभिभावकों की भूमिका पर विस्तार से की गई चर्चा
- मुडेना रुपशाह प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम और संगोष्ठी का किया गया आयोजन

संवाद सहयोगी, जागरण • अजीतमल: प्राथमिक विद्यालय मुडेना रुपशाह में बुधवार को मेधावी विद्यार्थियों एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अभिभावक संगोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता, नियमित उपस्थिति और अभिभावकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेहलता अवस्थी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष दीपक दुबे तथा विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष ऋतुराज दुबे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि दीपक दुबे ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन समय से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा-1 के सत्यम, कक्षा-2 के देवराज, रुद्र शुक्ला एवं कनिष्का, कक्षा-3 के तनु शुक्ला, निशांत, आकृति, पीयूष, प्रिया एवं परिधि, कक्षा-4 के दीपाली एवं तेजस बाबू, तथा कक्षा-5 के खुशबू, अनुष्का, कबीर, यश कुशवाहा, आकाश एवं अभिषेक शुक्ला शामिल रहे। स्नेहलता अवस्थी ने छात्र निस्का तथा दिव्यांग छात्रा दिव्या को नई ड्रेस भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में नितिन दीक्षित, सीमा चौहान, सुरभि तिवारी सहित अनेक अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सम्मान पाकर खुशी जाहिर करते नौनिहाल व मौजूद शिक्षक और अभिभावक • अध्यापक

छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए समय पर आवेदन जरूरी

संस, जागरण • ककोर: जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य पोषित दशमोत्तर उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की विस्तृत समय-सारिणी जारी कर दी है। जनपद के सभी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों, प्राचार्यों और छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि नवीन (फ्रेश) छात्र-छात्राओं के लिए भी आनलाइन आवेदन, संस्थान द्वारा अग्रसारण, विश्वविद्यालय अथवा एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा सत्यापन, एनआईसी स्क्रूटनी, त्रुटि निस्तारण और जनपद स्तरीय समिति की स्वीकृति सहित सभी प्रक्रियाएं निर्धारित तिथियों में पूरी की जाएंगी।

युवक पर कार चढ़ाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप, मुकदमा दर्ज

संवादसूत्र, जागरण • दिबियापुर: थाना क्षेत्र के गांव कनमऊ निवासी मनीष कठेरिया ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 जून की रात करीब आठ बजे उसका भाई संदीप मवेशियों को देखने खेत गया था। वापस लौटते समय गांव के संजू कथित रूप से नशे की हालत में कार को लहराते हुए आ रहे थे। संकरी सड़क पर संदीप के ऊपर कार चढ़ाने का प्रयास किया। संदीप के हट जाने से उसकी जान बच गई। विरोध करने पर आरोपित ने जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि लोहे की राड से हमला कर उसे घायल भी कर दिया, जिसके बाद उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। आरोप है कि आरोपित दबंग प्रवृत्ति का है और उसके विरुद्ध पहले से भी न्यायालय में मुकदमे विचाराधीन हैं। शिकायत के अनुसार घटना की सूचना यूपी-112 पुलिस को दी गई थी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपित मौके से भाग गए और बाद में दोबारा धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया मामला दर्जकर जांच की जा रही है।

डीएम ने डेयरी कान्क्लेव में 28 लाभार्थियों को बांटे चयन पत्र

संवाद सहयोगी, जागरण • ककोर: विकास भवन सभागार में दुग्ध विकास विभाग, उत्तर प्रदेश एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनपद स्तरीय डेयरी कान्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी बृजेश कुमार ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चयनित 28 लाभार्थियों को चयन पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र पशुपालकों तक पहुंचाना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने इंडियन बैंक, कानपुर जोन के प्रभारी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बैंकिंग संबंधी कठिनाइयों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर ऋण एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और वे योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने अपने संबोधन में चयनित लाभार्थियों से कहा कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक मानकों एवं औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए अनुदान प्राप्त करें तथा योजनाओं का सदुपयोग कर डेयरी व्यवसाय को स्वरोजगार एवं आय का स्थायी माध्यम बनाएं।

कान्क्लेव में कृषि विज्ञान केंद्र, अछल्दा के वरिष्ठ विज्ञानिक डा. रामपलट ने पशुपालकों को नेपियर चारा घास की वैज्ञानिक ढंग से रोपाई, हरे चारे के उत्पादन तथा चारा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संतुलित एवं पौष्टिक चारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुणवत्तापूर्ण चारा ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की आधारशिला है। डेयरी कान्क्लेव में विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पशुपालक एवं लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

ॐ नमः शिवाय

अयोध्यापुरी मंदिर

औरैया : शहर के मोहल्ला पिंडार्थू गली में प्राचीन अयोध्यापुरी मंदिर स्थित है। जो नगर के श्रद्धालुओं की अगाध आस्था का मुख्य केंद्र है। यहां प्रतिदिन पुरानी बस्ती सहित आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तगण आकर पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर में महाशिवरात्रि, रामनवमी और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जैसे प्रमुख अवसरों पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाता है।



पिंडार्थू स्थित अयोध्यापुरी मंदिर • जागरण

मंदिर का इतिहास : मंदिर में शिव लिंग की स्थापना 1943 में शिव नारायण लाल सक्सेना ने कराई थी। मंदिर का निर्माण कराया था। मंदिर में महादेव का परिवार, श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान जी, चित्रगुप्त आदि के विग्रह स्थापित हैं। मंदिर में प्राचीन कलाकृतियां भी भक्तों को आकर्षित करती हैं। जो रचनात्मक कार्यों के लिए भी भक्तों को प्रेरित करती हैं।

मंदिर की विशेषता : मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक माह की एकादशी तिथि पर भव्य भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण होता है। यहां प्रतिदिन सुबह और शाम ठीक आठ बजे भगवान की महाआरती होती है, जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल होकर पुण्य लाभ कमाते हैं। इस मंदिर की एक बड़ी विशेषता यह है कि यहां दो प्राचीन शिलालेखों के ऊपर पत्थर की घड़ियां लगी हुई हैं, जिन पर आरती का समय अंकित है। वर्षों से इस शिलालेख पर अंकित समय के अनुसार ही मंदिर में स्थापित सभी देवी-देवताओं की आरती शुरू करने की परंपरा निभाई जा रही है।

मंदिर की व्यवस्था में आम लोगों का सहयोग रहता है। सुबह शाम आरती पूजन कर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ख्याल रखते हैं। यह स्थान मनोकामना सिद्ध पीठों में से एक है।



प्रसून शुक्ल, पुजारी

भगवान शिव सहज ही प्रसन्न होने वाले देव हैं। बचपन से ही भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं। सुबह शाम महाआरती में सैकड़ों भक्तों के साथ शामिल होते हैं।



-मनोज त्रिपाठी, भक्त

उपभोक्ता आयोग ने गलत बिल भेजने पर लगाया जुर्माना

जागरण संवाददाता, औरैया : जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने गलत बिजली बिल भेजने और फर्जी यूनिट दर्शाने के मामले में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने बिजली विभाग को वास्तविक रीडिंग के आधार पर बिना किसी दंड, ब्याज और अधिभार के नया संशोधित बिल जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपभोक्ता को हुई मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के एवज में 1500 रुपये क्षतिपूर्ति, 1500 रुपये वाद व्यय कुल 3000 रुपये अदा करने का भी आदेश दिया है।

मामला शांति देवी पत्नी रामगोपाल निवासी ग्राम व पोस्ट मधुपुर, थाना व जिला औरैया से जुड़ा है। परिवादिनी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता संजीव पांडेय ने बताया कि उपभोक्ता के पास एक किलोवाट का घरेलू विद्युत संयोजन खाता संख्या 4555392223 है। जून 2023 तक का पूरा बिल जमा करने के बावजूद विभाग द्वारा गलत और अत्यधिक धनराशि के बिल भेजे जाने लगे। अधिवक्ता ने आयोग के सामने तथ्य रखे कि मीटर रीडर द्वारा रिश्वत न मिलने पर जानबूझकर गलत रीडिंग फीड की जा रही थी। जून 2024 में एक किलोवाट कनेक्शन पर 4.32 की बिल डिमांड और 8.08 किलोवाट का लोड दर्शाकर 38,891 रुपये का भारी-भरकम बिल थमा दिया गया। आयोग के अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र तथा सदस्य अमिता निगम और जितेन्द्र सिंह कुशवाह की पीठ ने मामले की सुनवाई की। अधिवक्ता के तर्कों और साक्ष्यों का अवलोकन कर पाया कि परिवादिनी ने ओटीएस योजना के तहत 3 दिसंबर 2025 तक का बकाया 30,175 रुपये जमा कर दिया था। इसके बावजूद विभाग ने मात्र 90 यूनिट खपत होने के बाद भी 6542 निर्धारित यूनिट दर्शाकर त्रुटिपूर्ण बिल भेज दिया। आयोग ने सेवा में कमी पाते हुए निर्णय दिया कि 3 दिसंबर 2025 के बाद का बिल केवल वास्तविक रीडिंग पर ही बनाया जाए और पीड़िता को 3,000 रुपये क्षतिपूर्ति दी जाए।

सोलर पैनल वेंडरों ने विभाग पर लगाए आरोप

जागरण संवाददाता, औरैया: सोलर पैनल वेंडरों ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। वेंडरों का आरोप है कि पीएम सूर्य योजना के लाभार्थियों को समय से लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्मार्ट मीटर लगने में देरी हो रही है। जिससे वेंडरों व उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ रही है। अधिशासी अभियंता मीटर संतोष कुमार ने आरोपों को निराधार बताया। कहा कि लगभग 100 मीटर लगाए जाने हैं। वह नियमितता लगाए जाएंगे। बुधवार को 25 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। मीटर क्रम से लगाए जा रहे हैं।

वीरभान सिंह ने संभाला कार्यभार

संसू, जागरण • अटसू: ग्राम सांफर स्थित डाकघर के पोस्टमास्टर आदित्य त्रिपाठी बुधवार को लगभग 45 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर डाकघर परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। डाकघर का कार्यभार जसवंतनगर निवासी वीरभान सिंह को सौंपा गया।

कार्यालय- स्पोर्ट्स कॉलेज, फतेहपुर

पत्रांकः- 30/स्पो0का0/विज्ञि0/2026 **विज्ञप्ति** दिनांक- 04 अगस्त, 2026

उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेजेज सोसायटी, लखनऊ के अधीन संचालित स्पोर्ट्स कॉलेज, फतेहपुर के सफल संचालन हेतु शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सहायक शिक्षा अध्यापक (टी०जी०टी०) के 04 पदों पर अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक वर्ष हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों की संख्या आवश्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकती है। पात्रता, मानदेय एवं विषयवार रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है।

क्र०सं०	विषय	रिक्त पद	मानदेय	अर्हता
1	हिन्दी	01	₹17,000/- प्रतिमाह।	• नवोदय/सैनिक स्कूल/केन्द्रीय विद्यालय/माध्यमिक शिक्षा परिषद (सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त) के सेवानिवृत्त शिक्षक • आयु 30.06.2026 को 65 वर्ष से अधिक न हो (कम आयु को वरीयता) • स्वास्थ्य उत्तम हो • टी०जी०टी०/सहायक अध्यापक का अनुभव एवं खेल गतिविधियों में रुचि • पुरस्कार प्राप्त शिक्षक को वरीयता
2	अंग्रेजी	01		
3	गणित	01		
4	सामाजिक विज्ञान	01		

आवेदन पंजीकृत डाक, ई-मेल (ftpsportsoffice@gmail.com) अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय स्पोर्ट्स कॉलेज, जोनिहा रोड, कोढ़ाही, खादेपुर, फतेहपुर-212601 में दिनांक 20.08.2026 सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। विलम्ब से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

आवेदन प्रपत्र, विस्तृत नियम/शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय से अथवा श्री सुनील कुमार भारती, प्रधानाचार्य (मो० 8299851156) से प्राप्त की जा सकती है। स्पोर्ट्स कॉलेजों में पूर्व में समान वेतनमान वाले पद पर कार्यरत शिक्षक आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे।

सुनील कुमार भारती
प्रधानाचार्य
स्पोर्ट्स कॉलेज, फतेहपुर

स्वच्छ बांदा **कार्यालय नगर पालिका परिषद, बांदा** सुन्दर बांदा

पत्रांक: 1196 दिनांक- 04.08.2026

"निराश्रित आवारा गौवंश को संरक्षित किये जाने हेतु समस्त सम्मानित नगरवासियों से विनम्र"

सार्वजनिक सूचना/अपील

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में नगर क्षेत्र में आवारा विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशों को दुर्घटनाओं से बचाने एवं नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने पशुओं को अपने-अपने बाड़े अथवा निजी परिसर में सुरक्षित रूप से बांधकर रखें तथा उन्हें किसी भी स्थिति में सड़कों, मार्गों, चौराहों अथवा मोहल्लों में खुला न छोड़ें। यदि कोई पशु नगर क्षेत्र में किसी भी मार्ग, सार्वजनिक स्थल अथवा मोहल्ले में आवारा विचरण करता हुआ पाया जाता है, तो उसे नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा अभियान के दौरान पकड़कर गौशाला में संरक्षित कराया जाएगा। ऐसे पशुओं के स्वामियों के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत निर्धारित जुर्माना रू0 500/- एवं दैनिक खुराक एवं देख-रेख शुल्क रू0 100/- अधिरोपित करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

अतः समस्त पशुपालकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जनहित एवं पशुहित को दृष्टिगत रखते हुए अपने पशुओं को सुरक्षित रखें तथा नगर क्षेत्र में उन्हें खुला न छोड़ें, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नगर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्राप्त हो सके।

श्रीचन्द
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बांदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

औरैया शाखा: 126, बदनपुर, कानपुर रोड, बर्फ फैक्ट्री के पास, औरैया-206122 (उ.प्र.), मो0- 8477009360 ई-मेल: auraiya@bankofbaroda.com

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV ए] नियम 6 (2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रत्याभूतित ऋणदाता के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गाय है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु **"जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है"** के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपतिया/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई-नीलामी की तिथि: 11.09.2026 **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 10.09.2026 सायं 04.00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	1. ई-नीलामी की तिथि 2. ई-नीलामी का समय (प्रारंभ समय से समाप्ति समय तक)	1. आरक्षित धनराशि/ 2. अग्रिम धनराशि/ 3. बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	संपति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	मेसर्स डॉली गोल्ड व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड (ऋणी) **श्री सुधीर सिंह कुशवाहा** पुत्र स्वर्गीय श्री रवींद्र प्रताप सिंह (जमानतकर्ता) **श्रीमती कविता सिंह** पत्नी श्री सुधीर सिंह कुशवाहा (जमानतकर्ता) **श्री देवेंद्र गुप्ता** पुत्र श्री एन. के. गुप्ता (जमानतकर्ता) **श्रीमती राजकुमारी** पत्नी श्री रवींद्र प्रताप सिंह (जमानतकर्ता)	भूमि व भवन के सभी भाग व खण्ड स्थित भूमि सं. 79, मौज़ा भीखांपुर, परगना एवं ज़िला औरैया, दो विक्रय विलेख दिनांक 22.12.1999 एवं एक विक्रय विलेख दिनांक 02.06.2000 का विवरण केस सं. 35/2007 (सुधीर सिंह कुशवाहा बनाम राजीव कुमार शुक्ला) सिविल जज (सीनियर डिवीज़न) औरैया द्वारा दिनांक 12.03.2007 को दिए गए आदेश एवं नज़री नक्शे में भी दर्शाया गया है, **कुल क्षेत्रफल 617.80 वर्ग मीटर, मालिकः** श्री सुधीर सिंह कुशवाहा **नज़री नक्शे के अनुसार चौहद्दीः पूर्वः** सड़क, **पश्चिमः** उपाध्याय जी की सम्पत्ति, **उत्तरः** शांति वर्मा का प्लॉट, **दक्षिणः** PWD एरिया	**रू. 2,00,62,955.89** + दिनांक 01.08.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई-नीलामी की तिथिः 11.09.2026 ई-नीलामी का समयः दोपहर 02:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	रू0 2,67,08,500/- (आरक्षित मूल्य) रू0 26,70,850/- (अग्रिम धनराशि) रू0 25,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	09.09.2026 प्रारंभ समयः शाम 4:00 बजे से समाप्ति समयः शाम 5:00 बजे
2.		भूमि व भवन के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट सं. 79, क्षेत्रफल 325.16 वर्ग मीटर, मौज़ा भीखांपुर, परगना एवं ज़िला औरैया, **मालिकः** श्री सुधीर सिंह कुशवाहा एवं श्रीमती कविता सिंह, **विलेख के अनुसार चौहद्दीः पूर्वः** सावित्री देवी का खेत, **पश्चिमः** रास्ता कच्चा 20 फीट चौड़ा, **उत्तरः** मिनमुकरा का प्लॉट, **दक्षिणः** क्रेता का हाता		ई-नीलामी की तिथिः 11.09.2026 ई-नीलामी का समयः दोपहर 02:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	रू0 83,05,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 8,30,500/- (अग्रिम धनराशि) रू0 25,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	09.09.2026 प्रारंभ समयः शाम 4:00 बजे से समाप्ति समयः शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **Baanknet.com** पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से **मोबाइल नंबर 8477009360** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 04.08.2026 स्थान: औरैया हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

क्या जोड़ो के दर्द से परेशान है?
आर्थराइटिस, माइग्रेन, साईटिका स्पोन्डलाइटिस आदि के उपचार हेतु मिलें
कब्ज, गैस, एसिडिटी पेट साफ न होना
बवासीर (खूनी या बादी) का बिना आपरेशन के उपचार
विबग्योर क्लीनिक - पी0 रोड, गोपाल टॉकीज, कानपुर 9935056088